**प्रेस.विज्ञप्ति** **दिनांक 31.08.2026**

## स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

## निगम के 7 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले 7 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। निगम आयुक्त सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की गई।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, कर्मचारियों में राजस्व निरीक्षक प्रसन्न कुमार तिवारी, फिल्ड वर्कर कृष्णा यादव, हेल्पर क्लीनर ओम प्रकाश तिवारी, सफाई कामगा राजबती निषाद एम जोसफ एवं योव्हान शामिल हैं। मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना किए। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में कर्मचारियों द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन महत्वपूर्ण होता है। सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अनुभव और कार्यों के माध्यम से निगम की सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। समारोह में निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निगम के कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता फत्ते लाल साहू, श्वेता वर्मा, बसंत साहू, शंकर सुवन मरकाम, रीमा जामुलकरए सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, राजस्व अधिकारी शरद दूबे, शालिनी गुरउ, सागर दुबे, रीता चतुर्वेदी, नवीन साहू, रोहित बंजारे, हेमचंद बंजारे, कृष्णा देशमुख, श्रवण ठाकुर, देवेंद्र वर्मा, गेंद राम सिन्हा, राज सच्चर, गिरधर वर्मा सहित अधिकारीए कर्मचारी एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संलग्न.फोटो

जनसम्पर्क अधिकारी

